newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २३ | अंक - १ | २२ से २८ जनवरी २०२४ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## जीवन यापन की चुनौती

देश की आजादी के बाद घोषित तौर पर सभी सरकारों का मुख्य जोर गरीबी दूर करने पर ही रहा और इस समस्या को दूर करने के अनेक दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और रही। इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले कुछ सालों में देश में विकासात्मक गतिविधियों को लेकर सक्रियता दिखती है और उसी मुताबिक जमीनी स्तर पर बदलाव भी आ रहे होंगे। इस लिहाज से देखें तो नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट को एक उम्मीद की तरह देखा जा सकता है, जिसमें देश में बीते नौ वर्षों में २४.८२ करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आने का दावा किया गया है। जिस दौर में दुनिया भर में तमाम विकासशील देशों से लेकर विकसित देश भी कई मोर्चों पर व्यापक आर्थिक उथल-पुथल और मंदी से दो-चार हैं, उसमें भारत में करीब पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से बाहर आने की खबर आती है तो यह अच्छी बात है। सवाल है कि अगर इतने लोगों की जिंदगी में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं और अलग-अलग पैमानों पर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है तो सार्वजनिक स्तर पर यह दिखता क्यों नहीं है। गौरतलब है कि बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन-स्तर में सुधार की कसौटी पर मापा जाता है और ये बारह सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित संकेतकों के जरिए दर्शाए जाते हैं। नीति आयोग के परिचर्चा पत्र में एक आकलन के मुताबिक, देश में बहुआयामी गरीबी २०१३-१४ में २९.१७ फीसद थी, वह २०२२-२३ में ११.२८ फीसद रह गई। इस रपट में एक खास पहलू यह है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश ऐसे राज्य रहे, जिनमें गरीबी में सबसे ज्यादा कमी दर्ज की गई। इसे एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है। देश की आजादी के बाद घोषित तौर पर सभी सरकारों का मुख्य जोर गरीबी दूर करने पर ही रहा और इस समस्या को दूर करने के अनेक दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और रही। जाहिर है, इस मसले पर उठाए गए कदम अपर्याप्त थे। अब अगर बहुआयामी गरीबी के दायरे से भारी तादाद में लोगों के बाहर आने के आंकड़े सामने आए हैं तो स्वाभाविक ही नीति आयोग ने इसका श्रेय भी सरकार की ओर से उठाए गए कदमों को दिया है। देश में विकास के लिए जो आर्थिक पैमाने माने जाते हैं, उसमें खासी संख्या में लोगों के बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आना एक सकारात्मक बदलाव है। सवाल है कि अगर इतनी बड़ी तादाद में लोग अभाव और गरीबी की दलदल से निकल कर बेहतर जीवन-स्तर जीने लगे हैं, तो जमीन पर यह क्यों नहीं दिखता है। कोरोना महामारी के बाद, पिछले दो-तीन वर्षों से खुद सरकार की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि करीब अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। किसी भी सामाजिक तबके को अगर पेट भरने के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था की जा रही है, तो इसकी कसौटी गरीबी ही होगी। अगर इतनी बड़ी आबादी गरीब होने के नाते मुफ्त राशन की हकदार मानी जा रही है तो वे कौन लोग हैं, जो गरीबी रेखा के दायरे से बाहर आ रहे हैं? इसके अलावा, बेरोजगारी के मोर्चे पर स्थिति यह है कि बड़ी संख्या में लोगों के सामने जीवनयापन की चुनौती मुंह बाए खड़ी है। गरीबी रेखा के पैमाने और इसके तहत निर्धारित शर्तों के बरक्स हकीकतें छिपी नहीं हैं। जरूरत इस बात की है कि आर्थिक जटिलताओं के समांतर विकास के ऐसे उपाय जमीनी स्तर पर किए जाएं, जिससे अगर गरीबी कम हो रही हो, लोग इसकी जकड़बंदी से बाहर आ रहे हों तो वह प्रत्यक्ष दिखे भी।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि व्यास ने कचरा घोटाले का किया भांडाफोड

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : २०१४ में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कहा था कि न खाऊंगा और न ही खाने दूंगा। पर लगता है मोदी के इस वाक्य को भाजपाइयों ने सिर्फ जुमला ही समझा। यही कारण है कि भाजपा राज में देश के विभिन्न राज्यों से कई घोटालों की खबरें आईं। एमपी का व्यापम घोटाला तो काफी चर्चित रहा। ताजा मामला मीरा-भायंदर का है जहां एक भाजपाई ने ही भाजपा के घोटाले की पोल खोली है! मीरा-भायंदर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने ५०० करोड़ के कचरा घोटाले का कथित भंडाफोड




किया है। बता दें कि ईडी सरकार के राज में मीरा-भायंदर मनपा में ५०० करोड़ रुपए के कचरा घोटाले के भंडाफोड़ से शहर में सनसनी मच गई है। बताया जाता है कि अगर घोटाले की जांच हुई तो इस घोटाले में कचरा उठानेवाले ठेकेदार समेत कई मनपा अधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है। इस मामले का खुलासा भाजपा के ही पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया है। मिली जानकारी के अनुसार, शिकायत कर्ता रवि व्यास ने इस मामले में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मांग की है कि इस भ्रष्टाचार की गहन जांच एंटी करप्शन ब्यूरो से करायी जाए। कचरा घोटाले के इस खुलासे से उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सकते में आ गए हैं। ज्ञात हो कि मीरा-भायंदर मनपा क्षेत्र में कचरे को साफ करने और इकट्ठा करने और इसे उत्तन के डंपिंग साइट पर ले जाने का ठेका दो कंपनियों को दिया गया है। दोनों कंपनियों को आर्थिक फायदा पहुंचाने के लिए निविदा प्रक्रिया में घोर अनियमितता का आरोप मीरा-भायंदर के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रवि व्यास ने लगाया है। व्यास ने आरोप लगाया है कि कचरा टेंडर प्रक्रिया में मनपा अधिकारियों ने मनमानी करते हुए दोनों कंपनियों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। शहर वासियों द्वारा दिए गए टैक्स के पैसे को घोटाला कर हड़पा जा रहा है। ठेकेदारों को एक का दो भुगतान किया जा रहा है। न्यूनतम वेतन नियम के अनुसार सफाईकर्मियों को प्रतिदिन १,०३३ रुपए की जगह १,३९९ रुपए का भुगतान किया जा रहा है। इस प्रकार १,८०० सफाईकर्मियों को प्रति सफाईकर्मी ३६६ रुपए अतिरिक्त भुगतान किया जा रहा है।

## आगामी लोकसभा चुनाव की दस्तक से पुलिस अधिकारियों के तबादले




**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीकांत पाठक ने मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे के आदेश पर पांच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों, १६ पुलिस निरीक्षकों, १३ सहायक पुलिस निरीक्षकों और ३० पुलिस उप-निरीक्षकों का तबादला कर दिया है। काशीमीरा पुलिस स्टेशन के संदीप कदम सेवानिवृत्ति तक केंद्रीय अपराध शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया है मीरा-भायंदर, वसई-विरार में ५९ पुलिस अधिकारियों का तबादला मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के तहत वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों, पुलिस निरीक्षकों और सहायक पुलिस निरीक्षकों और पुलिस उप-निरीक्षकों का तबादला कर दिया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसका प्रशासनिक पुनर्गठन किया गया है।काशीमीरा में विरार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबले, विरार पुलिस स्टेशन में नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय पवार, आयुक्तालय विशेष शाखा में पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वसंत लाबडे. और प्रस्तावित काशीगांव पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वानकोटी को पेल्हार पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## पुलिस रिकार्ड सक्रीय अपराधियों पर पुलिस की टेडी नजर

**ठाणे** : अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और गणतंत्र दिवस के अवसर पर लॉ एंड ऑर्डर बनी रहे, इसके लिए ठाणे शहर पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष व्यवस्था शुरू कर दी है। पुलिस रिकॉर्ड पर सक्रिय अपराधियों की सूची भी तैयार की जा रही है और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। सूत्रों ने बताया कि शहर के संवेदनशील और बड़े धार्मिक स्थलों पर पुलिस २४ घंटे



निगरानी रखेगी। बता दें कि गृह मंत्रालय ने पुलिस को अयोध्या में राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम, मराठा आरक्षण और राज्य में आगामी चुनावों के मद्देनजर राज्य में आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने का आदेश दिया है।

शेष पृष्ठ २ पर

## श्रीराम लला प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में हुई मंदिरों की सफाई

**भायंदर**: मीरा-भायंदर मनपा की और से स्वच्छ तीर्थ मुहिम अंतर्गत १४ से २१ जनवरी के बीच मीरा-भायंदर शहर के २०३ मंदिरों की साफ-सफाई व ४८ मंदिरों को विद्युत रोशनाई से सजाया गया है. स्वच्छ तीर्थ मुहिम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मनपा अधिकारी, कर्मचारी और सफाई कर्मियों ने हिस्सा लिया. मुहिम में मनपा क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थल तथा उसके आस पास के परिसर की सफाई ३ आर पद्धति से की गई. इस मुहिम के बाद भी मंदिरों की साफ सफाई और कचरा व्यवस्थापन में सुधार किए जाने की जानकारी मनपा प्रशासन ने दी है. मनपा आयुक्त तथा प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर ने शहर वासियों से आह्वान किया है कि २२ जनवरी को श्री रामलला प्राण प्रतिष्टा व प्रभु श्रीराम मंदिर का लोकार्पण महोत्सव के अवसर पर राज्य सरकार ने सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है. कई सामाजिक संस्थाओं ने इस दिन मांस-मदिरा के दुकान बंद रखने की मांग भी की है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी दुकानें बंद रख कर मनपा प्रशासन को सहयोग करें.

## फिटनेस संस्था के द्वारा पुलिसवालों ने सीखा योग

मीरा रोड. दैनिक ड्यूटी के दौरान कई घंटे बिना विश्राम अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अधिकारी, कर्मचारी कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं. कई बार वे मानसिक तनाव और शारीरिक विकार से भी ग्रस्त हो जाते हैं. दैनिक जीवन में कुछ समय निकाल कर योग और योग थेरेपी के माध्यम से वे खुद को स्वस्थ रख सकते हैं. इसी के मद्देनजर मीरा - भायंदर, वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की नया नगर पुलिस थाने के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मीरा रोड पूर्व के हैदरी चौक पर स्थित मनपा के सामुदायिक हॉल में योग चिकित्सा शिविर में योग और योग थेरेपी के गुर सीखे. स्काय शूलीन स्टार फिटनेस संस्था के योगाचार्य अमर विप्लव सिंह के मार्गदर्शन यह शिविर आयोजित की गई थी, जिसमें नया नगर पुलिस थाने के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विलास सूपे आदि उपस्थित थे.

# मीरा भाईंदर में देखने को मिलेगा अयोध्या का राम मंदिर

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। अयोध्या में २२ जनवरी को रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, जिसके चलते देश भर मे विविध आयोजन किये जा रहे हैं ।इसी कड़ी मे भायंदर पूर्व जैसल पार्क चौपाटी के बालाजी ग्राउंड मे मीरा भायंदर भाजपा विधानसभा चुनाव प्रमुख एड. रवि व्यास और उनकी टीम ने भी एक शानदार भव्य आयोजन किया है,जहाँ पर ८० फ़ीट ऊचे मंदिर का निर्माण किया गया है। यह अयोध्या धाम की हुबुहु प्रतिकृति है. इस मंदिर मे रामदरबार भी सजाया गया है, जहाँ श्रदालु २२ से २८ जनवरी तक दर्शन का लाभ ले सकेंगे. अयोध्या मे





प्राणप्रतिष्टा के समय ही पूजा अर्चना और महाआरती से इसकी शुरुवात होंगी और बड़ी स्क्रीन के जरिये लोग वहाँ अयोध्या मे हो रहे सभी कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण भी देख सकेंगे..शाम को एक दीया राम के नाम के संकल्प के साथ दीपोत्सव मनाया जाएगा। सात दिनों तक रोज़ सुबह और शाम महाआरती होंगी और हर दिन भजन कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए है.जिसमे विभिन्न संस्थाओं और मण्डलों के जरिये प्रस्तुति की जायेगी. प्रमुख संयोजक मीरा भायंदर भाजपा विधानसभा चुनाव प्रमुख एड. रवि व्यास ने बताया की ५०० वर्षो के लंबे संघर्ष और इंतजार के बाद ये ऐतिहासिक पल आया है और ऐसे मे हर रामभक्त इसका गवाह बनना चाहता है लेकिन इस समय वहाँ सबकी व्यवस्था संभव नहीं इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी सभी को अपने घरों मे ही दिवाली मनाने की अपील की.लेकिन यहाँ रहते हुए भी इस पूरे आयोजन के साक्षी बनकर इसका उत्सव मना सके इसलिए ये भव्य प्रतिकृति का निर्माण और आयोजन किया गया है



# समय पर इलाज न मिलने से पेट में ही शिशु ने तोड़ा दम : आदिवासी मां की भी हुई मौत

**पालघर :** पालघर जिले की मोखाड़ा तहसील में समय पर मां को इलाज न मिलने से दुनिया देखने से पहले ही शिशु ने पेट में ही दम तोड़ दिया, जबकि आदिवासी मां की भी चार दिनों के बाद मौत हो गई है। इस घटना को सुनने के बाद जहां लोगों के दिलों को झकझोर कर रख दिया है, वहीं इस कातिल शिंदे सरकार की कब नींद खुलती है, इस पर लोगों की निगाहें टिकी हैं। फिलहाल, दिखावे के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जच्चा-बच्चा मौत मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, पालघर जिले के मोखाड़ा तहसील से १५-२० किमी अंतर पर स्थित देवबांध से सटे आडोसी गांव (गणेशवाड़ी) में रूपाली भाऊ रोज (२५) नामक गर्भवती महिला का आठवां महीना शुरू था। इसी बीच १३ जनवरी को उसके पेट में दर्द शुरू होने के बाद उसे खोडाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच करने के बाद कहा कि अभी प्रसूति में समय है। ऐसे में एक दिन स्वास्थ्य केंद्र में रखकर महिला को घर भेज दिया। दो दिन बाद १५ जनवरी को फिर से महिला की तबीयत खराब होने लगी। इसके बाद परिजन उसे खोडाला से मोखाड़ा के ग्रामीण अस्पताल में ले जाकर भर्ती करा



दिया। अस्पताल में जांच के बाद पता चला कि युवती के पेट में ही उसके बच्चे की मौत हो गई है। इसके साथ ही यह भी पता चला कि महिला भी कई अन्य बीमारियों की चपेट में आ गई है। उसकी स्थिति को देखते हुए मोखाड़ा ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी ने बिना देर किए महिला को नासिक के सिविल अस्पताल में भेज दिया। वहां सर्जरी करने के बाद मृत शिशु को महिला के पेट से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद इलाज के दौरान महिला ने भी १९ जनवरी को अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक महिला के पति भाऊ रोज का आरोप है कि इस मौत के लिए खोडाला की स्वास्थ्य व्यवस्था जिम्मेदार है। दूसरी तरफ जिला स्वास्थ्य अधिकारी संतोष चौधरी का कहना है कि खोडाला में हुई घटना की जांच जारी है। यहां जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद यदि इस मामले में कोई दोषी पाया गया तो संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।साल २०२२-२३ में २०० से अधिक बच्चों और १० से ज्यादा मातृ मृत्यु के मामले सामने आए है। इनमें से अधिकांश बच्चों की मौत जव्हार, डहाणू, मोखाड़ा और विक्रमगढ़ तहसीलों में हुई है। कई बच्चों की मौत तो सिर्फ इसलिए हो गई कि गांव तक सड़कें नहीं थीं। ऐसे में महिलाओं और बच्चों को डोलियों के सहारे नदी-नाले से उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।

# भाईदर पूर्व स्टेशन के बहार जिस्मफरोशी का धंधा करनेवाली महिलाओं पर गिरेगी गाज

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर :** भायंदर पूर्व स्टेशन के बाहर वेश्या व्यापार बंद करने के लिए जीवनधारा संघ आक्रमक हमेशा से रही जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ) पाण्डेय द्वारा लगातार ५ वर्ष से महाराष्ट्र सरकार को और पुलिस प्रशासन को बहुत बार पत्र व्यवहार करके आन्दोलन करके बंद करवाने की कोशिश किया. पुलिस प्रशासन द्वारा लीपा पोती बहुत कारवाई हुई. दिखाने के लिए लेकिन बंद नहीं हुआ कुछ दिन कुछ महीने पहले स्थानिक विधायक गीता जैन को भी पत्र व्यवहार किया गया उसके बाद उन्होंने भी पत्र व्यवहार नवघर पुलिस स्टेशन को किया जिसके बाद आज गीता जैन के बोलने पर नवघर पुलिस स्टेशन में जीवनधारा संघ और स्थानिक जनता और वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विजय पवार जिनके साथ बैठक संपन्न हुई जिसमे स्थानिक विधायक गीता जैन व जीवनधारा संघ के



राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ) पाण्डेय का आक्रमक रूप देखने को मिला उन्होंने कहा अगर १ महीने में बंद नहीं होता है तो वेश्या व्यापार को बढावा देने वाले लॉजिंग बोर्डिंग को तोड.देंगे गीता जैन ने बीट मार्शलों और पुलिस वाले पर आरोप भी लगाए आप चाहते बंद हो सकता है कही न कही आप भी सह दे रहे और महानगर पालिका के वरिष्टों के साथ भींजल्द बात करेंगी। इसी कडी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय पवार ने कहा हम लगातार पेट्रोलिंग करेंगे और अपने पुलिस बल को कहा बंद होना ही चाहिए जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ) पाण्डेय ने गीता जैन का आभार व्यक्त किया इस कडी में सबसे सहयोगी शरद केशव पाटिल स्थानिक माजी नगर सेवक माजी महानगरपालिका सभापति व सुमन कोठरी माजी नगर सेवक जेसल पार्क रहे इस कडी में जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल सिंह कुडिय़ा, राष्ट्रीय सचिव पूजा जसवंत सिंह कोहली, राष्ट्रीय सहसचिव रीना कनौजिया, राष्ट्रीय कार्यध्यक्ष बिरजू चौधरी, दर्पण बर्जे, मिरा भायंदर सचिव सोनू सिंह व स्थानिक जनता मौजूद रही इसी कडी में जीवनधर के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ) पाण्डेय ने कहा जबतक भायंदर स्टेशन पूर्व का वैश्या व्यापार बंद नहीं होगा तबतक संघर्ष चालू रहेगा।

# पुलिस रिकार्ड सक्रीय अपराधियों पर पुलिस की टेडी नजर

**पृष्ठ १ का शेष**

पुलिस आयुक्त के आदेश के मुताबिक, ठाणे कमिश्नरेट के सभी पुलिस स्टेशनों ने विशेष गश्त शुरू कर दी गई है। १७ जनवरी से शहर के अन्य महत्वपूर्ण नाकों, चौक-चौराहों, बाजारों, धार्मिक स्थानों, होटलों व लॉज आदि संवेदनशील स्थानों पर नाकाबंदी व निरीक्षण शुरू कर दिया गया है। रिकॉर्ड में भी आरोपियों की सूची तैयार की जा रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी २२ जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन कर रहे हैं, साथ ही मनोज जरांगे पाटिल ने मराठा आरक्षण के मुद्दे पर मुंबई में विरोध प्रदर्शन का भी एलान किया है। इसलिए पुलिस की गोपनीय शाखा ने आशंका जताई जा रही है कि ठाणे में बड़ी संख्या में आंदोलनकारी जमा हो सकते हैं। आगामी चुनाव से पहले पुलिस की ओर से अपराध रोकथाम अभियान भी शुरू कर दिया गया है। ठाणे के सभी पुलिस स्टेशनों में, संबंधित पुलिस उपायुक्तों के मार्गदर्शन में, पुलिस अधिकारियों ने रात, सुबह के समय सड़कों पर गश्त शुरू कर दी है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस की ओर से एहतियात बरती जा रही है। बाहर से आनेवाले वाहनों पर नजर रखने के लिए नाकाबंदी की जा रही है। संवेदनशील इलाकों पर सीसीटीवी के साथ-साथ सादी वर्दी में पुलिस नजर रख रही है। अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर के लोकार्पण और गणतंत्र दिवस को लेकर नई मुंबई पुलिस भी सतर्क हो गई है। शुक्रवार सुबह वाशी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड, ट्रैफिक पुलिस, बम डिटेक्शन स्क्वॉड सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। वाशी पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक शशिकांत चांदेकर ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद है। आने वाले दिनों में किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। तदनुसार, पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे ने नई मुंबई पुलिस आयुक्तालय के तहत सभी पुलिस स्टेशनों में इस तरह की मॉक ड्रिल आयोजित करने का आदेश दिए है, जिसके कारण आने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए नई मुंबई पुलिस सतर्क नजर आ रही है।

# चलती लोकल ट्रेन में लड़की से छेड़छाड़

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : मुंबई की लोकल ट्रेनों में सफर करनेवाली महिलाओं से छेड़छाड़ के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक बार फिर से मुंबई में इस तरह की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि सीएसएमटी-पनवेल



लोकल में एक लड़की छेड़छाड़ की कोशिश की गई। जब ट्रेन सीएसएमटी से चलकर मस्जिद रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी, उसी दौरान इस घटना को अंजाम दिया गया। रेलवे पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब ७.१५ बजे पीड़िता कॉलेज जाने के लिए सीएसएमटी-पनवेल लोकल पकड़ी थी। युवती सामान्य श्रेणी कोच में चढ़ी थी। सुबह का समय होने के कारण वह डिब्बे में अकेली थी। जैसे ही लोकल ने स्पीड पकड़ी, तभी एक युवक लोकल में चढ़ गया और लड़की को अकेला देख बदसलूकी करने लगा। यही नहीं युवक ने लड़की के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की भी की। जब लोकल ट्रेन मस्जिद बंदर स्टेशन पहुंची तो युवक कूदकर भाग गया। लड़की की शिकायत के बाद सीएसएमटी रेलवे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।


































# वालिया महाविद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह संपन्न

**जेकेएस संवाददाता**

**मुंबई :** दिनांक १६ जनवरी २०२४ वालिया महाविद्यालय, अंधेरी, पश्चिम में मुंबई शहर के यातायात विभाग के समन्वय से राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा सप्ताह गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें एन.एस.एस. के और अन्य महाविद्यालय से १०० से ज्यादा स्वयंसेवकों ने सहभाग लिया। मॅक क्रिएशन फाउंडेशन की संस्थापिका, समाजसेविका, कलाकार श्रीमती मनीषा टेमकर जी के सहयोग से श्रीमती रुपाली तारगे जी( डी.एन नगर यातायात विभाग) मा. पुलिस उप निरीक्षक श्री. पांडुरंग पवार जी (भायखला शिक्षा विभाग),हेड कांस्टेबल श्री. रमेश महाले जी(शिक्षा विभाग), तथा हेड कांस्टेबल श्री. विजय चव्हाण जी (शिक्षा विभाग) द्वारा विद्यार्थियों को यातायात के नियमों से अवगत कराया गया। छात्रों की रैली भी निकाली गई तथा यातायात सुरक्षा का प्रात्यक्षिक दिखाया गया। छात्रों के लिए टी-शर्ट,टोपी और जलपान का प्रबंध किया गया था। उनसे यात्रा सुरक्षा के लिए प्रतिज्ञा भी ली गई। इस कार्यक्रम में वालिया महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शोभा मेनन जी, एन.एस. एस.के प्रोग्राम ऑफिसर श्री. अरविंद पांचाल सर, मॅक क्रिएशन फाउंडेशन की सदस्या श्रीमती संगीता सावंत, श्रीमती सुनीता पाचंगे भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि नॅशनल एथलीट और गोल्ड मेडालिस्ट,योगा ग्रॅंडमास्टर,योग गुरु,श्री.राधेश्याम जैसवार जी, नॅशनल फाउंडर एंड प्रेसिडेंट ऑफ द ह्यूमन योग फाउंडेशन, वरली, मुंबई तथा साई शिक्षा फाउंडेशन से श्री प्रमोद कुमार जैसवाल जी का भी सहभाग था। नेहरू युवा केंद्र खेल क्रीडा मंत्रालय मुंबई के समन्वय से तथा यातायात विभाग के सहकार्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के सहयोगी श्री प्रकाश मनोरे सर (झोनल डायरेक्टर श.ए.ण.झ महाराष्ट्र) श्री निशांत रौतेला सर मुंबई श.ए.ण) ज्योती रानी मॅडम , मदन घेगाटे सर युवराज खौरनार सर प्राशिक्षण अधिकारी,यातायात प्रबंधक , रजनी साळूंखे मॅडम (यातायात निरीक्षक), मिलिंद कुरडे सर (डी. एन. नगर पुलिस स्टेशन) अशोक मोरे सर (यातायात विभाग, डी.एन. नगर) इनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस शुभ कार्य का सूत्र संचालन प्रा. प्रणति उपेंद्र सावंत (पूर्व स्टाफ ऑफिसर,सिविल डिफेंस ) द्वारा किया गया। वालिया महाविद्यालय की एन.एस.एस. सचिव कु.वर्षा गिऱ्हे तथा सदस्य नवीन पौडल ने सभी मान्यवरों का आभार ज्ञापन किया।






# आखिर पतरा शेड हटाकर दम लिया रहवासियों ने

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर :** भायंदर पश्चिम में रेलवे लाईन के समानांतर मधु अग्रवाल हॉस्पिटल से एमटीएनएल बिल्डिंग फाटक तक बड़े नाले पर फुटपाथ का निर्माण मनपा प्रशासन द्वारा किया गया था। बाद में इस फुटपाथ को ऊपर से पतरा शेड लगा दिया गया था। लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए की गई यह व्यवस्था स्थानीय रहिवासियों की असुरक्षा बढ़ा दी थी। दरअसल, मधु हॉस्पिटल से एमटीएनएल बिल्डिंग फाटक तक नाले पर बनाए गए फुटपाथ और शेड के समानांतर एक तरफ रेलवे लाइन तो दूसरी तरफ कतार से कई रहिवासी इमारतें बनी हुई हैं। फुटपाथ पर पतरा शेड लगाने से उसकी ऊंचाई और पहुंच बगल के इमारतों के बालकनी तक हो गई थी, जिससे चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो गई थी। असामाजिक तत्व पतरा शेड पर चढ़कर चोरी जैसे अपराध को अंजाम देते थे। वहीं नीचे फुटपाथ पर अंधेरा और सुनसान का फायदा उठा कर असामाजिक तत्व चरस, गांजा, शराब आदि मादक पदार्थों का सेवन करते थे। आने जाने वाली महिलाओं, लडकियों से छेडछाड़, अश्लील हरकत और मजनुओं का अड्डा बन जाने से वहां से गुजरने वालों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ती थी। इस सब कारणों से स्थानीय इमारतों में रहने वालों की शांति भंग हो गई थी। स्थानीय रहिवासी ६-७ वर्षों से इस पतरा शेड को हटाने की मांग मनपा आयुक्त से कर रहे थे। बाद में इसकी शिकायत शिवसेना (यूबीटी) शहर प्रमुख जितेंद्र पाठक के माध्यम से सांसद राजन विचारे से की।विचारे ने मनपा आयुक्त संजय काटकर से शीघ्र संज्ञान लेकर पतराशेड हटाने की मांग की थी।इस पहल में समाजसेवक हिमांशु शाह ने उनका भरपूर साथ दिया। आखिर मनपा प्रशासन ने इस फुटपाथ से पतरा हटाने की शुरुआत की है।शिवसेना(यूबी टी) के इस पहल से स्थानिक रहवासियों को राहत की सास मिली।



# मीरा-भायंदर में सरकारी कैशलेस अस्पताल का जल्द होगा शुभारंभ

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर।** मीरा-भायंदर में १०० बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी मातोश्री इंदिराबाई बाबूराव सरनाइक अस्पताल का काम जहां सभी चिकित्सा उपचार और प्रमुख सर्जरी मुफ्त में की जाएंगी, अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। वर्तमान में अस्पताल भवन के कुछ सिविल कार्य पूरे किए जा रहे हैं, और फर्नीचर स्थापना और कर्मचारियों की भर्ती का काम पूरा हो चुका है। सभी कार्य पूरा करने के बाद ही अस्पताल का उद्घाटन करने का निर्णय लिया गया है। बुधवार को विधायक प्रताप सरनाईक और आयुक्त संजय काटकर ने अस्पताल के काम का निरीक्षण और समीक्षा की। विधायक सरनाईक ने कहा कि सभी कार्य पूरा कर फरवरी के दूसरे सप्ताह में इस कैशलेस अस्पताल का उद्घाटन किया जाएगा। भारतरत्न लता मंगेशकर नाट्यगृह के पास इस अस्पताल की इमारत का निर्माण महानगरपालिका द्वारा निर्माण टीडीआर के भुगतान के रूप में किया गया है। विधायक प्रताप सरनाईक ने नागरिकों की सेवा के लिए इस चार मंजिला इमारत में मीरा-भायंदर वासियों के लिए कैशलेस अस्पताल शुरू करने का निर्णय लिया। इस अस्पताल भवन का नाम मातोश्री इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक अस्पताल रखा गया है। विधायक सरनाईक ने इस अस्पताल भवन में अस्पताल शुरू करने के लिए आवश्यक सभी आधुनिक मशीनरी और चिकित्सा उपकरण खरीदने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से २५ करोड. की विशेष निधि की मंजूरी ली है। मनपा की ओर से एक भी रुपया खर्च नहीं किया गया है। चार मंजिला यह अस्पताल भवन राजमार्ग के पास बन रहा है और इसमें सभी सुपर स्पेशियलिटी उपचार उपलब्ध होंगे। यह मीरा-भायंदर शहर का पहला सरकारी कैशलेस अस्पताल होगा। राज्य सरकार की 'महात्मा फुले जन आरोग्य योजना' के तहत यहां सभी इलाज, बड़ी सर्जरी मुफ्त होंगी। कैंसर का इलाज, एंजियोप्लास्टी, बाइपास हार्ट सर्जरी, वॉल्व रिप्लेसमेंट और पेसमेकर जैसी कई बड़ी सर्जरी और इलाज सरकारी योजना के तहत मुफ्त होने जा रहे हैं। 'मातोश्री इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक अस्पताल' मीरा-भायंदर शहर के पहले कैशलेस अस्पताल के रूप में स्थापित किया जा रहा है। सभी पीले और नारंगी राशन कार्ड धारकों को इन सुसज्जित अस्पतालों में आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। इस अस्पताल का उद्घाटन २३ जनवरी २०२४ को प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा किया जाना था। लेकिन विधायक सरनाईक और आयुक्त ने निर्णय लिया कि अस्पताल भवन में कुछ काम बाकी है और उन सभी कार्यों को पूरा करने के बाद ही इसका उद्घाटन किया जाना चाहिए। तदनुसार, विधायक प्रताप सरनाईक और मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने बुधवार को सभी संबंधित अधिकारियों के साथ अस्पताल के काम का निरीक्षण किया और फरवरी के दूसरे सप्ताह के भीतर काम पूरा करने का निर्णय लिया। इससुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का प्रबंधन एक धर्मार्थ संगठन को दिया गया है।विधायक प्रताप सरनाईक ने बताया कि इस अस्पताल का प्रबंधन एक ऐसी संस्था को दिया गया है जो महात्मा फुले जन आरोग्य योजना से अवगत है और अस्पताल के सभी कर्मचारियों और प्रबंधन का प्रबंधन सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार इसी संस्था द्वारा किया जाएगा। यहां सरकारी योजना से मुफ्त इलाज मिलेगा।



यहां लाखों रुपये की लागत वाली बड़ी सर्जरी मुफ्त में की जाएंगी। जरूरतमंदों को दवाइयां भी मुफ्त दी जाएंगी। डॉक्टर, नर्स और सभी जरूरी स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया भी फिलहाल चल रही है।१०० बेड वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में कैथ लैब, सिटी स्कैन यूनिट, आधुनिक सुसज्जित ऑपरेशन रूम, सर्जिकल आईसीयू यूनिट होगी। चूंकि यह एक कैशलेस अस्पताल होगा, इसलिए यहां सभी स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे मरीज की साधारण जांच, विभिन्न परीक्षण और डॉक्टर का परामर्श, जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन और फिर आगे का सारा इलाज मुफ्त उपलब्ध होगा। यह अस्पताल गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए वरदान साबित होने वाला है। सरनाईक ने बताया कि अस्पताल का काम अंतिम चरण में है और सभी काम पूरा होने के बाद फरवरी के दूसरे सप्ताह में अस्पताल का उद्घाटन किया जाएगा। अपने निर्वाचन क्षेत्र में ऐसा कैशलेस अस्पताल बनाना मेरा सपना था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस अस्पताल के लिए २५ करोड़ का फंड दिया है। विधायक सरनाईक ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों को जीवन देने वाला यह अस्पताल मीरा-भायंदर के नागरिकों के लिए सबसे बडा उपहार होगा। राज्य सरकार ने इस अस्पताल भवन के लिए मशीनरी और सामग्री की खरीद के लिए २५ करोड़ का फंड दिया है। इससे अस्पताल में आवश्यक मशीनरी और चिकित्सा सामग्री खरीदी गई है।

मातोश्री इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक अस्पताल, मीरा-भायंदर में आईसीयू, पोस्ट ऑपरेटिव आईसीयू, एसी जनरल बेड और कैजुअल्टी बेड सहित १०० बेड होंगे। फिलहाल इस अस्पताल में सभी जरूरी स्टाफ, डॉक्टर और सभी व्यवस्थाओं की नियुक्ति की जा रही है। सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की तरह यहां भी विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध होंगे और मरीजों को उनसे इलाज मिलेगा। यह अस्पताल मीरा भायंदरकर के नागरिकों को दिन-रात २४ घंटे सेवा प्रदान करेगा।

इस अस्पताल में सभी पीले और नारंगी राशन कार्ड धारकों के लिए उपचार नि:शुल्क होंगे। नि:शुल्क ओपीडी सेवा होगी। जिसमें रक्त परीक्षण, हेमेटोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री परीक्षण, ईसीजी, सोनोग्राफी, २डी इको टेस्ट, होल्टर, पीएफटी, एक्स-रे, केयूवी, सीटी स्कैन स्क्रीनिंग शामिल होगी। यहां सामान्य सर्जरी जैसे एपेंडेक्टोमी, हर्निया, कोलेसिस्टेक्टोमी, पाइल्स, फिस्टुला और अन्य लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की जाएंगी।यहां फ्रैक्चर, आर्थ्रोस्कोपी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी ऑर्थो सर्जरी भी होंगी। कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी जैसे एंजियोप्लास्टी, बाईपास हार्ट सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट और पेसमेकर सर्जरी और उपचार यहां किए जाएंगे। यूरो सर्जरी जैसे पीसीएनएल, यूआरएसएल, नेफरेक्टॉमी, न्यूरो सर्जरी जैसे कैनियोटॉमी, हेमेटोमा इवैक्यूएशन, स्पाइन सर्जरी, लैमिनेक्टॉमी, स्त्री रोग संबंधी सर्जरी जैसे एलएवीएच, हिस्टेरेक्टॉमी, सिर और गर्दन का कैंसर, स्त्री रोग संबंधी कैंसर, पेट का कैंसर समेत ऑन्को सर्जरी की जाएंगी। चिकित्सा प्रबंधन जैसे गंभीर देखभाल, आईसीयू देखभाल, थ्रोम्बोलिसिस, आईएबीपी प्रवेश, विषाक्तता के मामले, सांप के काटने का भी इलाज किया जाएगा। मरीजों को उपरोक्त सभी आंतरिक सेवाएं प्रदान करते हुए डिस्चार्ज के बाद ड्रेसिंग, डॉक्टर का परामर्श और निदान सहित उपचार नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। मरीज के ठीक होकर घर जाने के १० से १५ दिन बाद उसकी फॉलोअप जांच और आगे का इलाज नि:शुल्क किया जाएगा।

# मोबाइल का एक्सेस लेकर ४ लाख ७८ हजार रुपए की ठगी

**नई मुंबई :** मोबाइल फोन का एक्सेस लेकर बैंक खाते से ४ लाख ७८ हजार रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर कर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में खारघर पुलिस स्टेशन में अज्ञात ठगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार खारघर के सेक्टर २० में रहनेवाली पारुल सोनी को टाटा स्काई सिग्नल खराब होने के कारण टेलीविजन पिक्चर नहीं दिख रहा था। जिसके बाद जब उन्होंने गूगल पर टाटा स्काई कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया तो उन्हें एक कॉल आई। इस दौरान सामने वाले व्यक्ति ने उनसे एक एप्लीकेशन डाउनलोड करने को कहा, जिसके बाद सोनी ने उक्त एप्लिकेशन को डाउनलोड की। जिसके बाद उक्त ठग द्वारा डिवाइस आईडी मांगने पर सोनी ने दे दिया। इससे उक्त व्यक्ति ने बताया कि २४ घंटे में टेलीविजन सिग्नल शुरू हो जाएगा। हालांकि अगली सुबह जब वह काम पर जाकर बैंक खाते का बैलेंस चेक की तो पता चला कि उनके खाते से ४ लाख ७७ हजार छह सौ पांच रुपए ऑनलाइन कट गये हैं। जब उन्होंने स्टेटमेंट चेक किया तो पता चला कि रकम एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर की गई है। जिसके बाद सोनी ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है।



**मिरा - भाईंदर महानगरपालिका**
**उद्यान व वृक्षप्राधिकरण विभाग**
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर भवन (नगरभवन) भाईंदर (प.) ता, जि. ठाणे - ४०११०१,
दुरध्वनी - २८१८४५५३

जा. क्र./मनपा/उद्यान/५६/२०२३-२४ दिनांक : १८/०१/२०२४

**// जाहिर नोटीस //**

मिरा भाईंदर महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिति क्र. ०२ अंतर्गत भाईंदर (प.) साईबाबा उद्यान येथे शिल्पकाम (Scuplute work) करणेकामी चालु जिल्हा दरसुचीमध्ये दर उपलब्ध नसल्यामुळे खुल्या बाजारातुन दरपत्रक मागविण्यात येत आहे.

सदर कामाकरिता दि. २५/०१/२०२४ रोजी संध्या ४.०० वाजेपर्यत मिरा भाईंदर महानगरपालिका, मुख्य कार्यालय, सहा-यक आयुक्त उद्यान, २ रा मजला येथे स्वारस्य असलेल्या कंत्राटदाराने सोबत जोडलेल्या दरपत्रकातील बाबींकरीता दर भरुन देण्यात यावेत.

जा. क्र. मनपा/मावज / E1322509/2023-24
दिनांक १८/०१/२०२४

**सही/-**
**(योगेश गुणीजन)**
सहाय्यक आयुक्त (उद्यान)
मिरा भाईंदर महानगरपालिका

**Mira Bhaindar Municipal Corporation**
Indira Gandhi Bhavan, Chattrapati Shivaji Maharaj Marg,
Bhayander (W) -401101 Tal.Dist. Thane 401101
28192828 ext:-389
**SOCIAL DEVELOPMENT DEPARTMENT**

Out. No./S.D.D.DE/ 136/2023-24 Dt. 15/01/2024

**// SECOND EXTENTION //**
**(MBMC/S.D.D./188/2023-24)**
**(Tender ID No.2023_MBMC_975455_1)**

Kindly refer to the Tender Notice for To organize employment fair and setting up employment availability center for the purpose of Economic Empowerment of women published in "Maharashtra Dinman" and "Jankalyan Seva" on Dt:04/01/2024. The time for accepting tenders for To organize employment fair and setting up employment availability center for the purpose of Economic Empowerment of women till 03.00 PM on 15/01/2024. The time for accepting tenders for the said work is being extended till 03.00 PM on 24/01/2024.

Other text is unchanged.

Ref No.MBMC/PRO/E1507577/2023-24
Dale-16/01/2024

**sd/-**
**(Kalpita Pimple)**
Dy-Commissioner
Social Development Department
Mira Bhaindar Municipal Corporation

# वर्दी को किया कलंकित, रिश्वतकांड में हवालदार गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर, अपराधों की जांच और आरोपियों को हवालात तक पहुंचाने में पूरे विश्व की पुलिस में महाराष्ट्र पुलिस का नाम अग्रिम पंक्ति में लिया जाता है, लेकिन इसी महाराष्ट्र पुलिस पर कई बार गंभीर आरोप भी लते रहते है. इसी तरह का एक प्रकरण १२ घंटे की ही अंतराल पर मीरा-भायंदर, वसई विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत घटित हुई है, जिसमें एक पुलिस ने रिश्वत को नकारते हुए रिश्वत देने का प्रयास करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज करवाया. वहीं दूसरे प्रकरण में एक आरोपी, को जमानत दिलाने के नाम पर। एक पुलिस ने रिश्वत लेते हुए अपना हाथ काला करा लिया है. पुलिस को रिश्वत देते समय एक गुटखा कारोबारी को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ठाणे ने बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया. आरोपी सुरेंद्र रामपलट चौरसिया (४३) भायंदर पूर्व के केबिन रोड पर बी-२०५, नर्मदा पैलेस इमारत से गुटखा का अवैध कारोबार करता था. आरोपी पान की दुकानों पर प्रतिबंधित गुटखा आपूर्ति करता था, उन पर कार्रवाई नहीं करने के एवज में घूस देने की पेशकश सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय में तैनात पुलिस उप निरीक्षक से की थी. पुलिस अधिकारी ने इसकी शिकायत एसीबी से कर दी. बुधवार देर शाम ५ हजार रुपए रिश्वत देते हुए चौरसिया को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया. रिश्वत स्वीकार करते हुए पुलिस हवलदार अरेस्ट एंटी करप्शन ब्यूरो ठाणे ने भायंदर पुलिस थाने में कार्यरत पुलिस हवलदार गणेश वणवे को १५ लाख रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. जबकि आर्थिक अपराध शाखा में कार्यरत पुलिस निरीक्षक महेंद्र शेलार को फरार बताया जा रहा है. इन दोनों पर आरोप है कि ६ करोड.रुपए की जालसाजी के केस के आरोपियों को जमानत दिलाने और उसे गिरफ्तार नहीं करने के ऐवज में आरोपियों के वकील से उन्होंने ५० लाख रुपए की मांग की थी. बाद में ३५ लाख रुपए में समझौता हुआ था, जिसकी शिकायत उक्त वकील ने एसीबी ठाणे में की थी. एसीबी ठाणे के पुलिस अधीक्षक सुनील लोखंडे के मार्गदर्शन में पुलिस उप अधीक्षक अश्विनी संतोष पाटील, हवलदार पाटील, महाडिक, चव्हाण की टीम ने रिश्वत की पहली किश्त १५ लाख रुपए पंच के समक्ष स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. एंटी करप्शन ब्यूरो ठाणे ने जिले के नागरिकों से आवाहन किया है कि किसी भी सरकारी अधिकारी, कर्मचारी ने या उनके मार्फत किसी निजी व्यक्ति, एजेंट ने कोई भी सरकारी कार्य करने के लिए अधिकृत शुल्क के अतिरिक्त रिश्वत की मांग करें तो तुरंत एसीबी ठाणे से संपर्क करें.

## श्रीराम लला की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर मांस मदिरा बंद रखने का आव्हान



**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर :** जैसल पार्क चौपाटी कल्याण समिति ने मनपा आयुक्त से २२ जनवरी को मीरा-भायंदर शहर में मांस-मदिरा की बिक्री और दुकानों को बंद रखने की मांग का एक निवेदन सौंपा है. इस दौरान विधायक गीता जैन और समिति के महासचिव नरेंद्र गुप्ता मौजूद थे. आवेदन में कहा गया है कि २२ जनवरी को हिंदू धर्मावलंबियों के लिए शताब्दी का सबसे महत्वपूर्ण दिन है. इस दिन श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है. इस उपलक्ष्य में मीरा-भायंदर सहित देश के अन्य राज्यों, नगरों में सडक़ों पर भव्य राम रथ यात्राएं निकाली जाएंगी और मंदिरों में पूजा-पाठ का कार्यक्रम होगा. इस ऐतिहासिक अवसर पर हिंदुओं की भावना को ध्यान में रखते हुए शहर में मांस-मदिरा की सभी दुकानों को बंद रखने की मांग जैसल पार्क चौपाटी कल्याण समिति ने मनपा आयुक्त संजय काटकर से की है.

## कवि के विचारों की अनुभूति है कविता



**भायंदर :** कविता कवि की सौन्दर्यानुभूति की अभिव्यक्ति है, कवि की व्यथा और खुशी की अनुभूति है, कवि की आकांक्षाओं - अपेक्षाओं की अभिव्यक्ति है. इससे यह स्पष्ठ होता है कि कविता केवल साहित्य, कला और सौन्दर्य का विषय नहीं है, वरन भाषा सीखने में भी इसका खास महत्व है. यह विचार कवि एड. सचिन नाईक ने व्यक्त किए. भायंदर (प.) में विधायक कार्यालय में विधायक गीता जैन ने ड्यू ड्रॉप्स किताब का विमोचन व उनका सम्मान युथ सोशल वेलफेयर एसो. द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किया. फोरम अध्यक्ष दीपक जैन ने परिचय दिया. इस दौरान रोहित सुवर्णा, महेंद्र मौर्य, मयूर ठाकुर, राकेश अग्रवाल, पिल्लई सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे. नाईक ने अब तक १३ किताबें लिखी हैं.

## जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा ने बिहार प्रकोष्ठ जिला संयोजक नियुक्त किया




**भायंदर :** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा ने संगठन का विस्तार करते हुये पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता की अनुशंसा पर फूलकुमार चंद्रकांत झा को मीरा भायंदर शहर-बिहार प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया।फूलकुमार चंद्रकांत झा के मनोनयन से नरेंद्र मेहता समर्थको में हर्ष व्याप्त है।जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक ले जाने के लिये तत्पर नरेंद्र मोदी की जनहित एवं विकास की नीतियों को शहर के जन-जन तक पहुंचाने के लिए फूलकुमार झा पूरी तरह से समर्पित है।फूलकुमार चंद्रकांत झा का चयन भारतीय जनता पार्टी के मीरा भायंदर शहर-बिहार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के रूप में करना एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका उद्देश्य संगठन को मजबूती प्रदान करना और विचारधारा को स्वतंत्र बनाए रखना है, जो पार्टी के विकास में मदद कर सकता है। नियुक्ती के अवसर पर भाजपा युवा जिला उपाध्यक्ष संजय ठाकुर मौजूद रहे।फूलकुमार झा कहते है की पार्टी की विचारधारा को आत्मसात कर संगठन को मजबूत करने का प्रयास करूंगा।

## बीएसयूपी घोटाले के जांच अधिकारी फरार

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर: मीरा-भाईंदर के बहुचर्चित बीएसयूपी घोटाले की जांच पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। इस मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी पीआई महेंद्र शेलार १५ लाख रुपये की रिश्वत लेने के एक मामले में वांछित है। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और वह इस वक्त फरार चल रहे हैं। ऐसे में बडा प्रश्न यह है कि जब बीएसयूपी घोटाले का जांच अधिकारी ही रिश्वत के मामले में फरार है, घोटाले की जांच किस दिशा में जाएगी। मामले में आरोपी शेलार पर ५० लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है। इस मामले में ठाणे पेंट करप्शन विभाग ने एक



हवलदार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वर्ष २००९ में काशिमिरा क्षेत्र की झोपडप़ट्टियों में रहने वालो के लिए केंद्र सरकार की बीएसयूपी (गरीबों को पक्का घर) योजना का शुभारंभ हुआ था। लेकिन मनपा, राशनिंग और अन्य विभागों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेज के आधार पर राशनकार्ड, आधार कार्ड इत्यादि बनाकर ठाणे, नवी मुंबई, पालघर के अपात्र लोगों को इस योजना का लाभार्थी बनाया गया। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इसकी आलोचना की। इस मामले में विगत वर्ष काशिमिरा पुलिस स्टेशन में एक मामला भी दर्ज हुआ था, जिसकी जांच पीआई शेलार कर रहे थे। कुछ समय बाद मामले की गंभीरता के मद्देनजर बीएसयूपी मामले का आर्थिक अपराध शाखा में तबादला कर दिया है। शुरू में इस मामले की जांच में खासी रफ्तार थी, लेकिन वक्त के साथ मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पूर्व एनसीपी जिलाध्यक्ष अंकुश मालुसरे ने इस मामले में नए सिरे से जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ऐसे अधिकारी से ईमानदारी पूर्वक जांच की उम्मीद नही की जा सकती है, जिस पर इस मामले में १५ लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप हो। इतना ही नहीं, मामला दर्ज होने के वाद जो अधिकारी फरार हो गया हो, उस पर किस तरह भरोसा किया जा सकता है। इस मामले में एफआईआर हुए ६ महीने से अधिक समय हो चुका है। घोटाले में कई नेताओं और मनपा अधिकारियों के नाम सामने आ चुके हैं, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोप है कि आर्थिक लेनदेन की आड़ में घोटाले की जांच को प्रभावित किया जा रहा है।

## फेरीवालों को मनपा की मिली सौगात, समाजकल्याण देगा लोन


जेकेएस संवाददाता

भायंदर : मीरा भायंदर महानगरपालिका के समाज कल्याण विभाग द्वारा ११ जनवरी २०२४ तक प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत शहर के १० हजार ७२३ फेरीवालों को १२ करोड़ ४ लाख रुपए कर्ज आवंटित किए हैं। सड़क के किनारे फेरी लगा कर व्यवसाय करने वालों को निजी साहूकारों के चंगुल से बचाने, उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवासीय और शहरी मामलों के मंत्रालय ने बिना किसी गारंटी के ऋण की सुविधा प्रदान करने की शुरुआत १ जून २०२० से शुरू की है। इस योजना में पहली किश्त में १० हजार रुपए तक के ऋण की सुविधा, उसके बाद दूसरी और तीसरी किश्त में क्रमश: २० हजार और ५० हजार रुपए तक की ऋण की सुविधा का प्रावधान किया गया है, साथ ही इसमें सब्सिडी, समय पर भुगतान के लिए प्रोत्साहन और डिजिटल लेनदेन करने पर पुरस्कृत किया जाना भी शामिल हैं। मनपा प्रशासन द्वारा एक निजी एजेंसी द्वारा शहर के फेरीवालों के कराए गए सर्वेक्षण में मात्र ८ हजार ५२८ अधिकृत फेरीवाले ही चिन्हित किए गए थे। हालांकि शहर के सभी फेरीवालों को इस योजना का लाभ देने के लिए उन्हें ऋण के लिए पात्र ठहराया गया है। मनपा के समाज कल्याण विभाग द्वारा ऋण के लिए शहर के फेरीवालों से आवेदन मंगाई जाती है। आवेदन के साथ जमा कराए गए कागजात को संबंधित बैंक में ऋण के लिए भेजी जाती हैं। जिसमें से बैंक पात्र फेरीवालों का चयन करती है। इस प्रक्रिया के माध्यम से करीब २० हजार ४९ आवेदन पात्र ठहराए गए। जिसमें से अब तक १२ हजार ४१६ फेरीवालों के आवेदन स्वीकृत किए गए । स्वीकृत किए गए आवेदन में से १० हजार ७२३ फेरीवालों में १२ करोड़ ४ लाख रुपए ऋण आवंटित किए गए। २ हजार १४३ फेरीवालों ने ऋण की पूर्ण रकम का भुगतान भी बैंक को वापस कर दिया है। वहीं करीब ५ हजार ४५६ फेरीवालों के ऋण आवेदन को बैंक ने अस्वीकृत किया है।




## डॉ. नीतू मूंदडा की कार्यकुशलता से बच्ची को मिली नई जिंदगी

मुंबई: समय से पहले जन्मा बच्चा जिसका वजन ७७० ग्राम था। केवल २७ सप्ताह में बच्चे का जन्म हुआ। जन्म के बाद बच्चे को सांस लेने में कठिनाई होने लगी। इतना ही नहीं बल्कि रक्त में शर्करा की कमी थी। ऐसी स्थिति में मीरा रोड के वॉक्हार्ट अस्पताल के डॉक्टरों के तुरंत इलाज करने के कारण बच्चे को नई जिंदगी मिली हैं। वॉक्हार्ट अस्पताल के कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू मूंदडा के नेतृत्व में अन्य एक डॉक्टर की टीम ने बच्चे पर सफलतापूर्वक इलाज किया है। बता दे मीरा रोड में रहने वाली रितिका सिंह (बदला हुआ नाम को गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप की समस्या हुई थी। ७ महीने होने पर उनके योनि से रक्तस्राव होने लगा। गर्भधारण के २५ वें सप्ताह में उन्हें अस्पताल दाखिल किया गया। महिला की सेहत को देखकर मां और बच्चे को खतरा था। साथ ही इतनी जल्दी बच्चे को जन्म देना एक चुनौतीपूर्ण था क्योंकि बच्चा का पूरी तरह से विकास नही हुआ था। लेकिन दोनों की जान बचाने के लिए डॉक्टर को परिवार के सहमति से सी-सेक्शन किया। वॉक्हार्ट अस्पताल के कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू मूंदडा ने कहाँ की, प्रसव के बाद अब बच्चे की सेहत अच्छी हैं। उसके सभी अंग




अच्छे तरह से काम कर रहे हैं। लेकिन बच्चे को रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (आरडीएस) की समस्या थी। जन्म के बाद उसे सांस लेने में कठिनाई महसूस हो रही थी। डॉ. नीतू ने कहा, हबच्चे को एप्निया की समस्या का सामना करना पडा था। ऐसी स्थिति में गंभीर चुनौतियों के बावजूद डॉक्टरों के टीमने अत्याधुनिक उपचार कर के बच्चे को नई जिंदगी दी हैं। लेकिन बच्चे को स्तनपान करना काफी कठिन हो रहा था। बच्चे को ३ महिने डॉक्टर के निगरानी में रखा गया था। बच्चे का वजन लगभग २ किलोग्राम होने के बाद उसे डिस्चार्ज दिया गया। वॉक्हार्ट अस्पताल के केंद्र प्रमुख डॉ. पंकज धमीजा ने कहाँ की, समय से पहले जन्म हुए बच्चे को काफी समस्या का सामना करना पडता हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को नई जिंदगी देने के लिए अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधा और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कार्यरत हैं। बॉकहार्ट अस्पताल न केवल शिशुओं को बचा रहा है, बल्कि नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए हम प्रयास कर रहे हैं। बच्चे की मां रितिका सिंह (बदला हुआ नाम) ने कहाँ की, प्रसव के दौरान बच्चे की स्वास्थ्य के लेकर हम काफी चिंतित थे। लेकिन वॉक्हार्ट अस्पताल के डॉक्टरों ने मेरी सुरक्षित प्रसूती की हैं। इतना ही नहीं बल्कि मेरे बच्चे को नई जिंदगी दी हैं। मेरे बच्चे की जान बचाने के लिए मैं डॉक्टरों की आभारी हूं।

## मिरारोड के वृत्तपत्र विक्रेता बालासुब्रमण्यम के बोटो को मिला २५००० का चेक

**मीरारोड :** हिंदुस्तान टाइम्स ग्रुप की (वृत्तपत्र विक्रेता मृत्यु परिवार सहायता योजना) के अंतर्गतदिनांक १९ जनवरी २०२४ को मुंबई सिटी हेड मनोज जयसवाल, एरिया मैनेजर धीरज सिंह, एरिया सुपरवाइजर चंदन सिंह के द्वारा दिवंगत वेंडर बालासुब्रमण्यम कोनार के बेटे को २५००० रुपये का चेक दिया गया। इस अवसर पर मीरा रोड विभाग के वृत्तपत्र विक्रेता एम. राजू, दिनेश तावडे, राजेश दीवान, जे. डी. यादव, मनिमासानाम कोनार उर्फ (वी.एम.), अयाराम दास, नंबी कोनार, और अंधेरी वृत्तपत्र विक्रेता



सेना के मुरुगन कोनार विशेष रूप से उपस्थित थे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सम्मान राशि दिवंगत विक्रेता के परिवार तक जल्द से जल्द पहुंचे सके, मीरा भायंदर वृत्तपत्र विक्रेता संघ (मीरा रोड) और बृहन्मुंबई वृत्तपत्र विक्रेता संघ (दादर) के पदाधिकारियों ने विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में राजेश दीवान ने दिवंगत विक्रेता के परिवार को (वृत्तपत्र विक्रेता मृत्यु परिवार सहायता योजना) के तहत प्रदान की गई सहायता के लिए हिंदुस्तान टाइम्स मुंबई प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि हिंदुस्तान टाइम्स की तरह अन्य प्रकाशन भी जल्द से जल्द विभिन्न कल्याणकारी योजनाये शुरू करेंगें वृत्तपत्र विक्रेता और उनके परिवारों की मदद करने के लिए।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI